केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन झारखंड के 5 विधानसभा क्षेत्रों में रोड-शो और जनसभाओं को संबोधित किया

सोरेन की विधानसभा बरहेट में गरजे शिवराज, बस 5 दिन के मुख्यमंत्री और है हेमंत

- कहा, हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के शिरोमणि, सोरेन ने अपने ही विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं किया

सवेरा न्यूज

झारखंड, 18 नवंबर : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री तथा झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन झारखंड के पांच विधानसभा क्षेत्रों में रोड-शो और जनसभाएं की। चौहान ने झारखंड की महेशपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी नवनीत हेम्ब्रम और बोकारो विधानसभा से प्रत्याशी बिरंची नारायण के समर्थन में रोड-शो किया। वहीं बरहेट विधानसभा में गमालियम हेम्ब्रम और राजमहल विधानसभा में अनंत ओझा के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। चौहान ने बरहेट सभा के मंच से ही धनबाद विधानसभा में आयोजित सभा को भी संबोधित किया।

झारखंड में चारों तरफ मची लूट : केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की गठबंधन सरकार ने झारखंड को लूटकर खोखला कर दिया है। इन्होंने जल, वन, खनिज कुछ भी नहीं छोड़ा। हालात ये हैं कि, इनके नेता, मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। ये पैसा हेमंत सोरेन का नहीं बल्कि झारखंड की जनता के खून-पसीने की कमाई का पैसा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यहां पाइप लाइन बिछाकर हर घर में नल से जल देने के लिए हजारों करोड़ रूपए भेजे थे, लेकिन सोरेन और उनके करीबी, जल जीवन मिशन का पैसा भी खा गए। किसी गांव और घर में नल नहीं लगे। ये लोग मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास और गरीबों के राशन का तक पैसा डकार गए। बालू तो यहां बाल्टियों में रखकर किलो से बेची जा रही है।

हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के शिरोमणि

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार और घोटालों के शिरोमणि हैं। सोरेन ने अपने ही विधानसभा क्षेत्र बरहेट में कोई विकास कार्य नहीं किए। बरहेट विधानसभा की जनता को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा कि, पिछले कई सालों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस क्षेत्र से विधायक चुनकर आ रहे हैं लेकिन उन्होंने यहां ना तो सिंचाई की कोई व्यवस्था की। ना ही बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए कॉलेज खोले गए और ना ही इलाज के लिए अस्पताल और डॉक्टरों की कोई व्यवस्था है।

क्या कहते हैं शिवराज सिंह चौहान

वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही यहां के सूखे खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा, कॉलेज खोले जाएंगे और नए स्वरोजगार सृजित किए जाएंगे ताकि यहां के बच्चों को बाहर ना जाना पड़े। चौहान ने कहा कि, मैं मध्यप्रदेश का चार बार मुख्यमंत्री रहा हूं, और मेरे क्षेत्र बुधनी में आकर देख लीजिए एक दर्जन कालेज है, सड़कों का जाल बिछा है, सिंचाई के लिए पानी की भरपूर व्यवस्था है। बुधनी क्षेत्र में तीन फसलें होती है, धान, गेंहू और मूंग। यहां तो एक ही फसल होती है, क्योंकि सिंचाई के लिए पानी ही नहीं है। हेमंत सोरेन में ही पानी नहीं बचा तो सिंचाई के लिए क्या पानी देंगे।

खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि, मैं मोहब्बत की दुकान चलाता हूं और मोहब्बत की दुकान की ये भाषा है कि, भाजपा जहरीला सांप है, इसे मार देना चाहिए, ये तो नफरत की पराकाष्ठा है। नफरत से भरे लोग खुद देश में नफरत फैला रहे हैं। पहले इन्होंने धर्म के आधार पर देश का विभाजन किया अब जातियों में बांटकर फिर देश के टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं, लेकिन भारत की जनता इस नफरत का करारा जवाब देगी।

घुसपैठियों के घरों पर खट्ट का झंडा

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में हमारी रोटी, बेटी और माटी खतरे में है। यहां जमीनों और संसाधनों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है। इन्हे पहचानना बहुत जरूरी है। हम भारत के हर नागरिक का आदर करते हैं, लेकिन ये देश है, धर्मशाला नहीं है कि, बांग्लादेश से आने वाले यहां कहीं भी बस जाएं, हम ये नहीं होने देंगे। आज संथाल परगना के ये हालात है कि, वहां आदिवासी आबादी 40% से घटकर 28% बची है। अगर आज भी नहीं चेते तो पूरे झारखंड पर बांग्लादेशियों का कब्जा हो जाएगा। घुसपैठियों के घर पर खट्ट का झण्डा लहरा रहा है। झारखंड वालो जाग जाओ नहीं तो जेएमएम वाले और विदेशी घुसपैठिए झारखंड को बर्बाद कर देंगे। चौहान ने कहा कि, मैं वचन देता हूं कि, भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चिन्हित कर ट्रेनों में भरकर वापस बांग्लादेश भेज दिया जाएगा।

बहनों की जिंदगी बदलना, भाजपा का अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने बहनों से वादा किया था कि, उन्हें हर महीने 2 हजार रूपए चूल्हा खर्च के लिए दिए जाएंगे। 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आई और चुनाव के दो महीने पहले एक नई योजना बनाकर वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार रूपए डाल दिए। हेमंत सोरेन के वादे के मुताबिक अगर बहनों को हर महीने 2 हजार रूपए दिए जाते तो एक साल का 24 हजार रूपए होता है और पांच साल का 1 लाख 20 हजार रूपए होता है, लेकिन जेएमएम ने केवल 2 हजार रूपए दिए।

2 लाख 87 हजार पद भरे जाएंगे

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड की सरकार ने युवा, नौजवानों के साथ भी धोखा किया है। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि, युवाओं को 5 लाख सरकारी नौकरियां और 5 से 7 हजार रूपए बेरोजगारी भत्ता देंगें, लेकिन ना तो नौकरी मिली ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला। झारखंड के युवा नौकरी के लिए दर-दर भटर रहे हैं। हेमंत सोरेन ने चुनाव से दो महीने पहले उत्पाद सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में ऐसा दौड़ाया कि, 19 बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में खाली पड़े 2 लाख 87 हजार पदों को भरने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

झारखंड में खिलेगा कमल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री मान नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। चहूंओर विकास की गंगा बह रही है। हमारा देश, दुनिया में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी जी के तीसरे टर्म में जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। झारखंड को पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने बनाया है और मान मोदी जी ही इसे संवारेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड को खंड-खंड करने वाली जेएमएम-कांग्रेस की गठबंधन सरकार को उखाड़ फैंकना है और आने वाली 20 तारीख को कमल के फूल की बटन को दबाना है। आप हमें समर्थन दीजिए हम झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलने का काम करेंगे।

हरियाणा सरकार किसान आढ़ती को खत्म करने का कर रही षड़यंत्र : आदित्य सुरजेवाला

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 18 नवंबर : कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर हरियाणा विधानसभा सत्र में किसानों के पक्षधर आवाज उठाई। सदन में बोलते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है। लेकिन किसान, मजदूर व आढ़ती के हकों व अधिकारों के लिए हरियाणा सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। हरियाणा सरकार के 2022-23 बजट के अनुसार जितना बजट किसान के लिए पास हुआ, लेकिन किसानों का बजट 31 प्रतिशत कम खर्च हुआ। यही सिलसिला दोबारा फिर 2023-24 में ज्यों का त्यों चला। अब सरकार 2024-25 में जो किसानों को बजट देने की बात कर रही है तो पहले के मुताबिक इसी हिसाब से फिर 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत बजट फिर किसानों के लिए कम खर्च किया जाएगा। हरियाणा सरकार ने खुद कहा कि इस सीजन हरियाणा में 64 लाख मीट्रिक धान की आवक होगी। लेकिन हरियाणा में इसके मुकाबले 06 लाख मीट्रिक टन धान की कम आवक हुई है। कैथल में 1.18 लाख मीट्रिक टन कम आवक हुई। ये किसान व आढ़ती को खत्म करने का षड़यंत्र नहीं तो क्या है?

खोया-पाया

मै, हरबिन्द्र सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी म.नं. 03, दशमेश नगर, जड़ोत रोड, अम्बाला शहर हरियाणा बयान करता हूं कि रजिस्ट्री प्लाट नं 251 A 100 Sq yard प्रलेख नं 14872/1 K.No. 258 (1-16) दिनांक 28-03-2006 अबादी दशमेश नगर जोकि संतोष कुमारी पत्नी हरि राम के नाम है बलदेव नगर के नजदीक कहीं गुम गई है यदि किसी को मिले तो उपरोक्त पते पर देने का कष्ट करें। या सम्पर्क करें 8708149657

न्यायलय श्री माननीय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार तहसील पानीपत।

सरकार बनाम जनरल पब्लिक

अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस।

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री गंगा राम पुत्र श्री मदन लाल पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान न0 390 ग्राम ब्राहमण माजरा तहसील व जिला पानीपत ने एक दरखास्त धारा 40 41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 31.12.1978 जो प्रार्थी के ताऊ स्व0 श्री बालक राम पुत्र श्री सोहन लाल की तरफ से लिखा हुआ है, जिसको पंजीकृत करवाने के लिए मेरे / निम्न हस्ताक्षर समक्ष पेश किया है। प्रार्थी के ताऊ श्री बालक राम पुत्र श्री सोहन लाल की दिनांक 28.04.1979 को मृत्यु हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। उक्त तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 31.12.1978 के माध्यम से मृतक स्व0 श्री बालक राम पुत्र श्री सोहन लाल ने अपनी वसीयत के तहत अपनी जायदाद के बारे अपने सगे भतीजे गंगा राम पुत्र श्री मदन लाल पुत्र श्री सोहन लाल के नाम की थी। इसलिए अब इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस वसीयतनामा के पंजीकरण होने मे कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन से एक मास के अन्दर-अन्दर कार्य वाले दिन, खुद या किसी भी अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर आपत्ति व्यक्त कर सकता है वरना उक्त तहरीर शुदा वसीयतनामा बिना ऐतराज पंजीकृत कर दिया जायेगा।

यह नोटिस आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे कार्यालय से जारी किया गया है।

संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रतिवादी श्री आर. के शर्मा जिसका पंजीकृत कार्यालय आनंद बिल्डिंग, ख्वाजा कोठी, नजदीक डिवीज़न नंबर 3, लुधियाना, पंजाब, 141003 में है, यह कि व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से जिला स्तरीय सूक्ष्म और लघु सुविधा परिषद लुधियाना, जिला उद्योग केंद्र, लुधियाना के समक्ष दिनांक 14-01-2025 को एमएसएमईडी अधिनियम 2006 की धारा 18(1) के तहत दावेदार श्री पारस फैब्रिक्स द्वारा प्रस्तुत दावा संदर्भ याचिका के संबंध में उपस्थित हों, जिसका संदर्भ है- एमएसएमईडी/डीआईसी /11/22/2378 यदि प्रतिवादी अभी भी उपरोक्त के अनुसार उपस्थित होने में विफल रहता है या चूक जाता है तो मध्यस्थता और सुलह अधिनियम की धारा 23 और 25 के अनुसार मध्यस्थता कार्यवाही आयोजित की जाएगी सदस्य सचिव सह महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र औद्योगिक एस्टेट, लुधियाना फोन नं.-0161-2540695 ईमेल आईडी-dicludhiana5@gmail.com, लुधियाना-msefc@gmail.com.

PUBLIC NOTICE

This is for notice of the General Public that my client Smt Sukhwinder Kaur @ Balbir Kaur W/o Late Shri Shiv Singh R/o of H.No. 1808/09, Govindpuri Extension Kalka ji, New Delhi- 110019 is owner of property on her name such as (1) H.No. 1808/09, Govindpuri Extension, Kalka ji, New Delhi-17 (2) H.No.322-A Vasant Vihar, Scheme 10, Village Premgrah having Khasara No. 1086, 2627/1087, 2628/1087 Tehsil & District Hoshiarpur (3) Nanak Niwas, near Income Tax office having Khasara No.2757/688, 2758/688, 4168/2751, 4169/2751, Tehsil & District Hoshiarpur (4) Village Bahadurpur property in Khasara No.914, near Saini Sabha School, Chand Nagar, Tehsil & District Hoshiarpur Punjab. My client disowned her Son namely Tasvinder Singh @ Gullu (2) Daughter Rajinder Kaur @Rajju (3) Daughter Parvinder Kaur @Puchi (4) Daughter Manjeet Kaur @ Meena, with immediate effect from all her moveable, immoveable properties on her name with free will and consent as they are not in according to the temperaments of my client and are not obedient to her. The above named son & daughter of my client are beyond her control and Supervision. So my client severe all her relation with them and disowned them from her inheritance absolutely and forever here fore and whosoever will deal with them, will be doing so at their own risk and responsibility and my client and her family shall not liable for any Act of the above named son/daughter.

For YOGRAJ GULLAIYA & ASSOCIATES, YOGRAJ GULLAIYA) Advocate
Office: UGF 561/3, Chirag Delhi, New Delhi-110017. Phone: 9811132049, 011-69022825
E-mail: advocateyograj.gullaiya@gmail.com

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to General Public that my client Cycas Trading LLP (erstwhile Cycas Trading Pvt. Ltd.), having its registered address at B-3/ 3, Gillander House, 8, Netaji Subhash Road, Kolkatta 700 001 have lost the originaldocuments i.e. Possession Letter dated 15.11.1989, Flat Buyer Agreement dated 15.11.1989, Supplementary Agreement dated 15.11.1989 and other relevant documents executed by and with M/s Gujral Estates Pvt. Ltd. in relation to Property bearing Flat No. 1213, 12th floor, admeasuring 700 sq.fts, Vijaya Building, 17, Barakhamba Road, New Delhi originally known as 8E on the 8th Floor admeasuring 750 sq.ft., Vijaya Building, 17,Barakhamba Road, New Delhi. In this regard, a Police Complaint has also been lodged vide LR No. 2239633/2024 dated 24.10.2024 at Crime Branch, Delhi.

If found, kindly inform to the undersigned within a period of 7 days from the date of this Notice.

Sd/-
Abhay Sahai, Advocate,
Chamber No. 414, Block-I,
Delhi High Court, New Delhi-110001
Mobile No.: 9971067110
E-mail : bcd1969@gmail.com

PUBLIC NOTICE

Public is hereby informed that Mrs. Rekha Pal and Mrs. Surekha has claimed to be the owner of Property Bearing No. 78/1-C, Land area measuring 40 sq. yards, out of Khasra No. 1077/481, situated in the area of Village Chandrawali alias Shahdara, in the abadi Bhola Nath Nagar, Near Mata Mandir, Illaqa Shahdara, New Delhi. And, Hereinafter, has agreed to sell the same Mrs. Chandni Chaurasiya. And now, Mrs. Chandni Chaurasiya has approached the ICICI Home Finance Co. Ltd. for loan against mortgage of above said property, if any person has any right, claim, title or interest in any manner over the said property then intimate within 7 days to Vikas Shokeen, Advocate, H-20, BASEMENT, BALI NAGAR, NEW DELHI-110015. Thereafter any kind of claim will not be accepted. Vikas Shokeen (Advocate)
Office: H-20, BASEMENT, BALI NAGAR, NEW DELHI-110015, Mob.No.9670059555

PUBLIC NOTICE

Be It known to all the General Public that my client M/s Bhavishya Nirmaan Developers is the intending purchaser of Land measuring 1 Bigha i.e. 1008 Sq.Yards., comprised in Khasra No.437 situated in the extended abadi of Lal Dora of Village Jonapur Tehsil Mehrauli New Delhi and has already hand over bayana of above said property to its owners M/s KAPOOR ENTERPRISES having its registered office at Khasra No.437 Ground Floor Village Jaunapur New Radhey Mohan Drive New Delhi-110047 through its partners Mr. Aditya Kapoor and Subhash Kapoor. Any claim or oppositions to the said Property must be lodged within 7 days from the date of this publication, failing which will be presumed that there are no claims or oppositions and my client shall complete any transactions. Claims or oppositions received after the said 7 days shall not be binding on my client. Please contact to MD Eklakh, Adv. within 7 days from the date of Publication of this notice

Sd/-
MD Elakh, 85 Parkash Mohalla Gharhi East of Kailash Sriniwaspuri New Delhi-110065

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में जल्द भरे जाएंगे डॉक्टरों के 777 खाली पद, पीजीआई लेगा परीक्षा

सवेरा ब्यूरो/नवनीत शर्मा

चंडीगढ़, 18 नवंबर : हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में जल्द डॉक्टरों के 777 खाली पदों पर भर्तियां सुनिश्चित की जाएंगी। बाकायदा इसे लेकर एक दिसंबर को पीजीआई परीक्षा भी रख रहा है। यह जानकारी हरियाणा विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन डेंगू के बढ़ते मामलों पर विधायक अर्जुन चौटाला की तरफ से लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने सदन को संबोधित करते हुए दी। यह भी कहा कि एक दिसंबर को पीजीआई द्वारा डॉक्टरों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। जल्द डॉक्टरों और मेडिकल ऑफिसरों के पदों को भर दिया जाएगा। अगर आने वाले समय में अन्य पद खाली होने मिलते हैं तो उनके लिए भी हमारे पास साथ में बैकलॉग खड़ा रहेगा।

अर्जुन चौटाला बोले : दो बार मेडिकल एजुकेशन का हुआ उद्घाटन, लेकिन आज तक नहीं लगी एक भी ईंट

वहीं, अर्जुन चौटाला ने सदन में डिमांड नंबर 14, 17 और 19 पर हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि सिरसा में कोविड से पहले एक मेडिकल कॉलेज मंजूर हुआ था। उसका उद्घाटन पहली बार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और दूसरी बार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा करवाया गया। लेकिन दुख की बात है कि दो बार उद्घाटन किए जाने के बाद भी आज तक एक भी ईंट नहीं रखी गई। उस कॉलेज की लोकेशन रेलवे फाटक के पास है। दिक्कत यह है कि वो रेलवे फाटक दो-दो घंटे तक बंद रहता है। ब्रेन हेमरेज का पूरे सिरसा में कोई इलाज नहीं है। अगर कोई मरीज आता है तो उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया जाता है और ब्रेन हैमरेज के मरीज की एक-एक मिनट कीमती होता है। यदि कोई ब्रेन हेमरेज का मरीज उस फाटक पर फंस गया तो वो बच नहीं पाएगा।

नशा रोगी को गेहूं-चावल के दाने मिलाकर लगा देते हैं छांटने पर

अर्जुन चौटाला ने कहा कि नशा भी हेल्थ केयर का हिस्सा है। बड़े दुख की बात है कि जब भी नशे की बात आती है तो इस बात की कोई चर्चा नहीं करता कि जो नशे का आदी मरीज है, उसकी कैसे मदद और देखभाल की जाए और उसका पुनर्वास कैसे किया जाए। पूरे सिरसा में सरकारी तौर पर नशा मुक्ति के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर में केवल 55 बैड निर्धारित किए गए हैं। उनकी हालत बेहद दयनीय है। यहां आकर मरीज ठीक होना तो दूर एक दिन भी रह नहीं सकता। मरीज का ध्यान हटाने के लिए गेहूं और चावल के दाने मिला कर दे दिए जाते हैं और उनसे कहा जाता है कि इनको छांटने का काम करो। अब जमाना बहुत बदल गया है और मेंटल हेल्थ को लेकर आधुनिक मशीनें आ चुकी हैं। उन पर गाइडलाइन आ चुकी हैं। रानियां में 38 से ज्यादा गांव हैं, जहां पीने के पानी की बहुत किल्लत है और नहरी पानी नहीं है। राशन डिपो में गेहूं की बोरियों को उतार कर सीधा जमीन पर रख दिया जाता है। जिस कारण वो गेहूं खराब हो जाता है इसलिए गेहूं खराब न हो, उसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में अर्जुन चौटाला ने किया सप्लीमेंट्री प्रश्न

- सदन में विधायक अर्जुन चौटाला के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने दी जानकारी
- मंत्री बोली: डेंगू रोगियों का रिकॉर्ड न देने वाले प्राइवेट अस्पतालों को लेकर करवाएंगे जांच

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर अर्जुन चौटाला ने सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछते हुए कहा कि आज हरियाणा में 14000 डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। जिसके अंदर केवल 4500 डॉक्टर ही सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे हैं। 10,000 से ज्यादा डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों के आंकड़े क्यों नहीं पेश किए गए हैं? नवंबर के पहले हफ्ते से ही डेंगू के केस में लगातार बढ़ोतरी दिख रही है। सभी को पता है कि अक्तूबर के आखिर में डेंगू के केस आने लगते हैं। ऐसे में फॉगिंग में तेजी लाने में 08 नवंबर तक इंतजार क्यों किया गया? पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ की बेहद कमी है। यह भी स्पष्ट किया जाए कि डॉक्टर, टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी को कब तक पूरा किया जाएगा? इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द डॉक्टरों के खाली पदों पर भर्ती करने के संबंध में जवाब देते हुए कहा कि सभी प्राइवेट अस्पतालों को डेंगू रोगियों का रिकॉर्ड देना अनिवार्य है। अगर किसी ने नहीं दिया तो इसकी जांच करवाई जाएगी।

सार्वजनिक-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल गौरी शंकर पासवान पुत्र श्री किशोरी पासवान पताः ए-2414, ए-ब्लॉक, फेस-2, मेट्रो विहार, होलम्बी कलां, दिल्ली-110082, ने अपने पुत्र दीपक कुमार व उसकी पत्नी कोमल देवी को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण समस्त संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे जो भी कोई लेन-देन व व्यवहार रखेगा, वह स्वयं ही उसका जिम्मेवार होगा। मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेवारी व जवाबदेही नहीं होगी।

अधिवक्ता
सुमित कुमार
Chamber No.C-89, C.L. Joseph Block, Tis Hazari Court, Delhi-110054
e-mail: sumitbiria62@gmail.com

सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्व में स्पेंटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
CIN: L74899DL1991PLC138153
पताः ए-60, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज II, नई दिल्ली, भारत, 110020
ईमेलः companysecretary@clcindustries.com
संपर्क नंबरः +91-240 6608636/2473363

CLC

पोस्टल बैलट (डाक मतपत्र) हेतु सूचना

यहां पर सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और 110 के तहत, और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पढ़े जाने पर, जैसा कि संशोधित ("प्रबंधन नियम") और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 (दिनांक 8 अप्रैल, 2020), 17/2020 (दिनांक 13 अप्रैल, 2020) और नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 (दिनांक 25 सितंबर, 2023) तथा SEBI (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार, निम्नलिखित एजेंडा बिंदुओं को कंपनी के सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("रिमोट ई-वोटिंग") के जरिए डाक मत पत्र के माध्यम से अनुमोदन हेतु विचार के लिए प्रस्तावित किया गया है:

अनु.क्र.	एजेंडा आयटम
1	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, मजीत ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
2	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, सत्याम स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
3	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, डीजी कोटसिन प्राइवेट लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
4	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, मजीत फाइबर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
5	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, सुखमणि कॉटन इंडस्ट्रीज के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
6	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, डीजी एक्सपोर्ट के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
7	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, मैन कॉट प्राइवेट लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।
8	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की संबंधित पार्टी, केशव जिनिंग एंड प्रेसिंग फैक्ट्री के साथ महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने सोमवार, 18 नवंबर, 2024 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाक मत पत्र सूचना भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह सूचना उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके नाम शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024 (कट-ऑफ तिथि) को व्यापारिक समय समाप्त होने तक सदस्यों की रजिस्टर में दर्ज थे और जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। ये सदस्य डाक मत पत्र सूचना में वर्णित प्रस्तावों पर मतदान के पात्र हैं। डाक मत पत्र सूचना कंपनी की वेबसाइट www.clcindia.com, बीएसई और एनएसई की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने अपने सदस्यों को केवल रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है ताकि वे अपने मतों का इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपयोग कर सकें। सदस्यों की सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। कंपनी ने एनएसडीएल के साथ समझौता किया है ताकि रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा सके। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और निर्देश डाक मत पत्र सूचना में दिए गए हैं। रिमोट ई-वोटिंग गुरुवार, 21 नवंबर, 2024 को सुबह 09:00 बजे (आईएसटी) शुरू होगी और शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। उपरोक्त मतदान अवधि समाप्त होने के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग सुविधा को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। श्री अजीत कुमार को डाक मत पत्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। डाक मत पत्र का परिणाम मतदान की अंतिम तिथि के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा। परिणाम कंपनी की वेबसाइट, एनएसडीएल की वेबसाइट और एनएसई तथा बीएसई को भी सूचित किए जाएंगे।

किसी भी प्रश्न के लिए, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में शेयरधारकों के लिए उपलब्ध "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)" और "ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल" देख सकते हैं, 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं, या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं। यदि किसी सदस्य को, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी मालिकों की सूची में दर्ज है, डाक मत पत्र सूचना प्राप्त नहीं हुई है, तो वह companysecretary@clcindustries.com पर लिख सकता/सकती है।

सीएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से
कोयल गेहानी
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

तारीख: 19 नवंबर, 2024
स्थान: छत्रपति संभाजीनगर

बड़ौली का ब्राह्मण समाज ने किया अभिनंदन

सवेरा न्यूज/रवि बंसल

सिरसा, 18 नवंबर : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सिरसा पहुंचे। सिरसा आगमन के दौरान बड़ौली शर्मा पेट्रो सिटी पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, कुसुमलता शर्मा, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रधान अशोक शर्मा, बलबीर शर्मा व सरपंच रोशन लाल मौजूद थे। यहां पहुंचने पर सुशील शर्मा, पंप संचालक रोहित शर्मा, धर्मपाल जोशी, रामकुमार शर्मा, पवन शर्मा, सुरेंद्र पारीक, विजय शर्मा, सुधीर सारस्वत, युवा ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नीतिश शर्मा, प्रवीन कौशिक आदि ने बड़ौली का फूल मालाओं से स्वागत किया। मोहन लाल बड़ोली ने ब्राह्मण समाज की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज के लोग एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए काम करें। सरकार भी ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है, इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि एकजुट होकर सर्वसमाज को साथ लेकर एकजुटता का परिचय दें।

NAME CHANGE

I, Aditya Sindhu S/o Pardeep Kumar R/o H.No. 117A, Sector-14, Rohtak declare that name of my father & my mother have been wrongly written as Pardeep Sindhu & Pinky Mor Sindhu in my CBSE 10th & 12th class educational documents. The actual name of my father & mother are Pardeep Kumar & Pinki respectively which may be amended accordingly.

CREDILA FINANCIAL SERVICES LIMITED
(Formerly known as HDFC Credila Financial Services Limited)
Registered Office: Regd. Office: B-301, Citi Point, Andheri Kurla Road, Next To Kohinoor Continental, Andheri (East), Mumbai-400059, India, T: +91-22-28266636, E: loan@credila.com

Credila — The Education Loan Specialist

अधिग्रहण सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(1) के साथ

(परिशिष्ट IV)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में एचडीएफसी क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 की उप-धारा (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत एक मांग सूचना निम्नांकितानुसार निर्गत की थी, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता (ओं) तथा गारंटर (रों) और विधिक उत्तराधिकारी (रियों) तथा विधिक प्रतिनिधि(यों) का निम्न तालिका में संबंधित नामों के समक्ष अंकितानुसार राशि का उक्त सूचना की तिथि से लेकर के भुगतान तथा/अथवा वसूलीकरण की तिथि तक नियत आकस्मिक व्ययों, लागतों, शुल्कों, इत्यादि के साथ लागूयोग्य दरों पर राशि पर नियत ब्याज के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता (ओं) तथा गारंटर(रों)/ विधिक उत्तराधिकारी(रियों) तथा विधिक प्रतिनिधि (यों) के नाम तथा ऋण खाता संख्यायें	अचल संपति (यों)/ प्रतिभूत परिसंपति (यों) का विवरण	माँग सूचना की तिथि	बकाया देय राशियाँ	अधिग्रहण की तिथि / प्रतीकात्मक कब्जा
शिवम सिंह, ऋषिपाल सिंह, अनंग पाल सिंह शिक्षा ऋण खाता संख्या A1705240136	प्लॉट संख्या 551 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 125 वर्ग गज है (उक्त भाग), कुल भूमि 0.4680 हेक्टेयर में से, खसरा संख्या 160MI., गांव मोहम्मदपुर डेढ़ा मारूफ, मोहल्ला राधे श्याम विहार, मुरादाबाद, परगना जलालाबाद, तहसील मोदी नगर, जिला गाजियाबाद पिन कोड 201206 में स्थित है। इसकी सीमाएँ निम्नानुसार है: **पूर्व** – रास्ता 20 फीट चौड़ा, **पश्चिम**– मकान संख्या 338, **उत्तर**– प्लॉट संख्या 550, **दक्षिण**– प्लॉट संख्या 552	26-जुलाई - 2024	रू. 41,95,701/- (रुपये इकतालिस लाख पंचानबे हजार सात सौ एक मात्र)	13 - नवंबर - 2024 प्रतीकात्मक कब्जा

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू योग्य अनुसार अतिरिक्त ब्याज, वहनकृत आकस्मिक व्ययों, लागतों, शुल्कों, इत्यादि के साथ।

हालांकि उधारकर्ता एवं गारंटरगण द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्द्वारा उधारकर्ता एवं गारंटरों और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, उपरोक्त अंकित तिथियों पर, यहां इसमें ऊपर वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

उधारकर्ता तथा गारंटरों को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन, उपरोक्त अंकितानुसार एक राशि तथा ब्याज, बाद की वसूलियां, यदि कोई को घटाकर, हेतु क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

For Credila Financial Services Limited
(Formerly known as HDFC Credila Financial Services Limited)
Authorized Officer

दिनाँक : 13.11.2024
स्थान : मोदी नगर, गाजियाबाद

हरियाणा सरकार — **निविदा सूचना**

SR. NO	NAME OF DEPARTMENT	NAME OF WORK NOTICE TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE	AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES	WEBSITE OF THE DEPARTMENT	NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL
1	PANCHAYATI RAJ JHAJJAR	64.71-CONSTRUCTION OF FIRNI FROM KHUNGAI ROAD TO KHERI JAT ROAD AT VILLAGE GOELA KALAN, BLOCK BADLI + 1 WORKS	14.11.2024 22.11.2024	59.14 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
2	PANCHAYATI RAJ RAJOUND KAITHAL	CONST` OF AMBEDKAR BHAWAN AT VILL= ROHERA (THONKA PATTI)	15.11.2024 20.11.2024	9.24 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8630071961 sdoprrajound@gmail.com
3	IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA SAMPLA ROHTAK	INTERNAL CLEARANCE AND BANK CLEARANCE OF ISMAILA DISTY. FROM RD 0 TO 23630 YEAR 2024-2025	CLOSING DATE 20.11.2024	5.38 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9464040970 xensampla@gmail.com
4	IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA BAHADURGARH	RE-CONSTRUCTION OF BRIDGE AT RD 48550 OF JAHANGIRPUR MINOR.	CLOSING DATE 21.11.2024	54.88 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com
5	HEALTH DEPARTMENT HARYANA KAITHAL	DURGS AND CONSUMABLES ETC	CLOSING DATE 27.11.2024	EMD 200000/-	https://etenders.hry.nic.in	7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in
6	BHAGAT PHOOL SINGH GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE FOR WOMEN KHANPUR KALAN SONIPAT	TENDER FOR PROVIDING CONSUMABLES, ITEM AT BPS GMC FOR WOMEN KHANPUR KALAN SONIPAT. +2 OTHER WORKS	19.11.2024 03.12.2024	30000/-	https://etenders.hry.nic.in	9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com
7	PANCHAYATI RAJ GANAUR SONIPAT	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL (VAYAMSHALA) AT VILLAGE SHEKHU PURA BLOCK GANAUR DIVSION SONIPAT NAME OF SCHEME D PLAN DIVSION SONIPAT + 2 WORKS	CLOSING DATE 20.11.2024	23.25 LACS	https://etenders.hry.nic.in	7015771521 sdoprganaur1@gmail.com
8	PANCHAYATI RAJ CHARKHI DADRI	PAVEMENT OF LINK RASTA (ATELA KALAN TO ATELA KHURD) WITH IPB AT VILLAGE ATELA KHURD BLOCK AND DISTT. CHARKHI DADRI. (UNDER DMF)	14.11.2024 21.11.2024	57.84 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com
9	PANCHAYATI RAJ ROHTAK	GAD CONST OF AURVEDIC DISPENSARY IN KHANI 12.5 + 1 WORKS	14.11.2024 28.11.2024	101.30 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in
10	PANCHAYATI RAJ CHANDIGARH	OUT LETTING THE CANTEEN AT HARYANA PANCHAYAT BHAWAN, SECTOR - 28A, CHANDIGARH	19.11.2024 02.12.2024	50000/-	www.haryanadp.gov.in	9888737454 hrdfboard@rediffmail.com
11	IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA ROHTAK	REHABILITATION OF WATER COURSE AT OUTLET RD 2480 -R AND 4500-R OF 1-L BRAR KHERA MINOR (WORK CODE- IRR/2023-24/58633) + 22 WORKS	CLOSING DATE 05.12.2024	1781.54 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9034106126 constdivn19rtk@gmail.com

DPR HRY 11/2025/220/30355/I/608/6 FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.etenders.hry.nic.in